04.06.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से होगा शुरू, ऑपरेशन सिंदूर के बाद होगा पहला सत्र।
- देश में दो चरणों में वर्ष 2027 में होगी जनगणना,जाति जगणना भी होगी साथ।
- झाबुआ जिले में सड़क दुर्घटना में 9 लोगों की मौत, प्रधानमंत्री ने जताया दुख।
- इन्दौर, भोपाल सहित प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी।

## संसद मानसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। सरकार ने आज इसकी घोषणा की। इससे पहले विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सत्र 12 अगस्त तक चलेगा।

## प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री चिनाब रेल पुल और अंजी पुल का उद्घाटन करेंगे। वह दो वंदे भारत ट्रेनों को भी झंडी दिखाएंगे। चिनाब नदी से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित वास्तुकला का चमत्कार- चिनाब रेल पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। अंजी पुल देश का पहला केबल रेल पुल है। प्रधानमंत्री उधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल सम्पर्क परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 43 हजार 780 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 272 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 36 सुरंग और 943 पुल शामिल हैं। प्रधानमंत्री श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर स्टेशन के बीच दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। वह कटरा में श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस की आधारशिला भी रखेंगे।

सरकार जनगणना

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 होगी। इन संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने की अधिसूचना 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की संभावना है। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहले चरण में घरों की सूची बनाना और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना थी।

विकसित कृषि संकल्प यात्रा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय कृषि-नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने फेडरेशन द्वारा तैयार कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा पर रिपोर्ट एवं वार्षिक संदर्भ पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि देश में 29 मई से 15 दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' जारी है जिसके तहत अब-तक ओडिशा, जम्मू, हरियाणा, उत्तर-प्रदेश, पटना और महाराष्ट्र का दौरा वह कर चुकें हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच दूरी को कम करना है।

झाबुआ-दुर्घटना

झाबुआ जिले में कल देर रात सीमेंट से भरा ट्रक एक वैन पर पलटने से नौ लोगों की मौत हो गई। जिनमें छह महिलाएं है। हादसे में दो लोग घायल हुए है। वैन में सवार सभी यात्री मेघनगर के रहने वाले थे और शादी समारोह से लौट रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री उमरिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उमरिया जिले के पाली में आज पेसा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के जागरूकता सम्मेलन' में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने 39.14 करोड़ रुपयों की लागत के 22 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 14.71 करोड़ रुपयों की लागत के 4 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जयंती वर्ष पर राज्य सरकार वर्ष भर किसान मेले लगाएगी।

नक्शा कार्यशाला

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कल से भोपाल में किया जाएगा। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान , भौरी में होने वाली कार्यशाला में देशभर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और भू-प्रबंधन से जुड़े पेशेवर भाग लेंगे। नक्शा' वेब-जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित इस कार्यशाला में इस प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का शहरी संपत्ति सर्वेक्षण और भू-स्थानिक डाटा प्रबंधन में उपयोग पर प्रकाश डाला जायेगा।

रेलवे-अनधिकृत बुकिंग

भारतीय रेलवे ने अनधिकृत बुकिंग के लिए दो करोड़ 50 लाख संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय कर दिया है। रेल मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि अत्याधुनिक एंटी-बॉट सिस्टम की तैनाती और एक प्रमुख कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क-सी डी एन सेवा प्रदाता के साथ एकीकरण के माध्यम से उसने एजेंटों द्वारा अनाधिकृत स्वचालित बुकिंग पर बहुत हद तक अंकुश लगाया है और वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए वेबसाइट की पहुंच में सुधार किया गया है।

मौसम

इन्दौर भोपाल सहित कई जिलों में आज भी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आठ जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में विदिशा, देवास, बालाघाट सहित 50 जिलों में बारिश और तेज आंधी के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- बैगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास आज आईपीएल विजेता आरसीबी की विजय परेड के पहले मची भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये हैं।
- खण्डवा में रोजगार मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. खण्डवा में कल किया जा रहा है। मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकि क्षेत्र में लगभग 300 युवाओं की भर्ती की जावेगी।
- खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मप्र खेल राज्य कराते अकादमी भोपाल में प्रवेश के लिए बैतूल में कल कराते चयन ट्रायल का आयोजन किया गया।
- मंदसौर में भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जिले में किसानों को चौपाल लगाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कृषि अधिकारियों के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिकों के दल द्वारा ग्राम पंचायतों में जाकर किसानों को जानकारी दी जा रही है।
- सागर संभाग के कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को प्राथमिकता के साथ राहत राशि वितरण करने के निर्देश जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।
- जबलपुर में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 1 हजार 411 अमानक नंबर प्लेट वाले वाहनों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया है।

-----------------------